तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

8 सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान



8 शत प्रतिशत वोट डालने के लिए किया प्रेरित






## खबर संक्षेप

### जींदः कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**जींद।** जेड़ी सात सात पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राखी खास निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह गांव के ही प्रमोद, सोमबीर के साथ जेड़ी सात से गुजर रहे थे।

### बाइक चोरी के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले में एंटी थेफ्ट टीम के एचसी अनिल कुमार व एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी कैलरम निवासी मोनु व विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैलरम गांव निवासी सुनील कुमार की शिकायत अनुसार 12 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति उसके घर से उसकी बाइक चोरी करके ले गया गया।

### स्पेयर पार्टस की दुकान से हजारों का समान चोरी

**जींद।** गांव बराहखुर्द में बीती रात चोरों ने स्पेयर पार्टस दुकान का ताला तोड़ कर ट्रैक्टर के स्पेयर पार्टस को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बराहखुर्द निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर ट्रैक्टर के स्पेयर पार्टस को चोरी कर लिया।

### नकदी व आभूषण चोरी के तीन आरोपित दबोचे

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के अलग अलग 2 मामलो में 3 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव ढाबी टेक सिंह पंजाब निवासी गीता की शिकायत अनुसार 23 मार्च को वह देहरादून से अपने गांव ढाबी टेक सिंह जा रही थी। उसके पति देहरादून आर्मी में सेवारत हैं। उसके साथ दो बच्चे भी थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**जींद।** गांव निर्जन से महिला के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निर्जन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### दो मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** पुलिस ने बाइक चोरी के दो मामले दर्ज किए हैं। मामले में चीका के वासुदेव शर्मा ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 मार्च को कम्युनिटी हॉल गुहला रोड चीका से उसकी बाइक चुरा कर ले गया। दूसरे मामले में की किठाना के राहुल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 3 अप्रैल को गोल्ड इन होटल ढांड रोड कैथल से उसकी बाइक चुरा कर ले गए।

### खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** खेत से सबमर्सिबल की तार व ट्रासफार्मर का सामान चोरी करने के मामले मे थाना तितरम पुलिस के एसआई विरेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी प्योदा निवासी बंट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्योदा निवासी गुरमीत की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

## नवरात्र को लेकर सजे मंदिर, घट स्थापना का मुहुर्त सुबह 06.02 से 10.16 तक

### आज पहला नवरात्र, 17 अप्रैल को होंगे खत्म, श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना सामग्री की खरीददारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू होने जा रहे हैं। नवरात्र पर्व को लेकर बाजार मां भगवती को अर्पित किए जाने वाली सामग्री से सज गया है। प्रत्येक दुकान पर लाल चुनरी, नारियल, श्रृंगार, प्रशाद को देखा जा सकता है। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों के बाहर प्रशाद तथा फूलों की दुकानें भी सज गई हैं। श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना सामग्री की खरीददारी करते देखा गया। नवरात्रों के मध्य नजर प्रसिद्ध जयंती देवी मंदिर, सोमनाथ मंदिर, प्राचीन भूतेश्वर मंदिर, रघुनाथ मंदिर, माता वैष्णवी धाम में नवरात्र पर्व को



**जींद।** नवरात्र पर्व को लेकर खरीददारी करते महिला। *फोटो :हरिभूमि*

लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है और उन पर रंग बिरंगी बिजली की लड़ियां लगाई गई हैं। मंदिर प्रांगण की सजावट के अलावा मूर्तियों का श्रंगार भी किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई दिक्कत न आए इसके लिए सेवादारों की डयूटियां लगाई गई हैं। मंगलवार से नवरात्र की शुरुआत हो रही है। इसके पहले दिन को हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के रूप में भी मनाया जाता है। 17 को खत्म होंगे। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में नौ दिनों की नवरात्रि को बेहद शुभ माना है। **ऐसे करें कलश स्थापनाः** नौ अप्रैल मंगलवार को घट स्थापना की जाएगी। जिसका समय सुबह 06.02 से 10.16 तक होगा। इसके साथ ही 11.57 से 12.48 तक भी घटस्थापना का मुहूर्त होगा। दोनों शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं। श्रद्धालुओं कलश की स्थापना मंदिर के उत्तर-पूर्व दिशा में करनी चाहिए और मां की चौकी लगा कर कलश को स्थापित करना चाहिए। सबसे पहले उस जगह को गंगा जल छिड़क कर पवित्र कर लें। फिर लकड़ी की चौकी पर लाल रंग से स्वास्तिक बना कर कलश को स्थापित करें। कलश में आम का पत्ता रखें और इसे जल या गंगाजल भर दें। साथ में एक सुपारी, कुछ सिक्के, दूर्वा, हल्दी की एक गांठ कलश में डालें। कलश के मुख पर नारियल लाल वस्त्र से लपेट कर रखें। चावल यानी अक्षत से अष्टदल बना कर मां दुर्गा की प्रतिमा रखें। इन्हें लाल या गुलाबी चुनरी ओढ़ा दें। कलश स्थापना के साथ अखंड दीपक की स्थापना भी की जाती है। कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा करें।

#### सभी तैयारियां पूरी : नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के अंदर रेलिंग तथा बाहर बेरीगेट्स लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। इस बार चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 से होगा। यह दोनों योग संध्याकाल 05 बजकर 06 मिनट तक है। दोनों ही योग श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी होंगे।

## भुसलाना में सीएम फ्लाइंग की रेड से फर्जीवाड़े का खुलासा

## दो चौपालों में बगैर मान्यता के चल रहे हाई स्कूल का भंडाफोड़

### स्कूल संचालक के पास नही मिली अस्थायी मान्यता भी, नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने सोमवार को गांव भुसलाना में दो चौपालों में चल रहे बिना मान्यता के हाई स्कूल का भंडाफोड़ किया है। जरनल तथा बीसी चौपालों में आर्य वैदिक हाई स्कूल के नाम से चलाया जा रहा था। स्कूल संचालक स्कूल की मान्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका। छात्रों तथा स्टाफ का हाजिरी रजिस्टर भी मेनटेन नही मिला। छापामार टीम में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिला थी कि गांव भुसलाना में दो चौपालों में आर्य वैदिक स्कूल बिना मान्यता के चल रहा है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर सतपाल के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंसपेक्टर चरण सिंह तथा सिपाही विक्रम को भी शामिल रहे। सफीदों के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डा. योगेंद्र सिंह को भी साथ लिया गया। टीम ने जब दस्तक दी तो जरनल तथा बीसी चौपाल में स्कूल चलता मिला। बाहर स्कूल का नाम नही लिखा हुआ था। अंदर लगाए बोर्ड आर्य वैदिक हाई स्कूल लिखा हुआ था। दो चौपालों में चल रहे स्कूल में 133 छात्र व छात्राएं पढ़ाई कर रहे थे। छात्रों तथा अध्यापकों का हाजिरी रजिस्टर दुरूस्त नही था। स्कूल की मान्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर स्कूल का पिंर्रसिपल दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका। जो अस्थायी मान्यता के दस्तावेज दिखाए वह सैशन 2022-23 के निकले। दो चौपालों में चल रहे स्कूल के किराया नामा से संबंधित दस्तावेज भी नही मिले। जिस पर शिक्षा विभाग के डा. योगेद्र ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। जबकि स्कूल संचालन के लिए सरकार ने मापदंड निधारित किए हुए हैं। जिसमें स्कूल के हवादार कमरे, खेल का मैदान, लैब समेत अन्य शर्त शामिल है।



**जींद।** चौपाल में चलाए जा रहे स्कूल में पढ़ते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

**संचालक को नोटिस जारीः** सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल दो चौपालों में चलाया जा रहा था। स्कूल संचालक के पास कोई मान्यता से संबंधित दस्तावेज नही मिले। हाजिरी रजिस्टर भी मेनटेन नही था। स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया गया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।



## सीवन में मकान की छत गिरी, तीन घायल

### मकान बनाने के लिए जिला प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर में गुमगढ़ मोहल्ला में एक मकान की छत अचानक से गिर गई जिससे मकान के अन्दर बैठे तीन लोगों को चोटें आई। गनीमत यह रही कि यह मकान की छत दिन के समय गिरी। यदि रात के समय मकान की छत गिरती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मकान की मालिक सिमला ने बताया कि उसके मकान की छत शनिवार को दिन के समय अचानक से गिर गई। उस समय मकान में उसका लड़का और साथ में दो अन्य युवक थे। छत गिरने से उन्हें चोटें आई हैं। रात के समय पूरा परिवार मकान के अन्दर सोता है। यदि रात के समय यह छत गिरती तो जान माल का नुकसान हो सकता था। सिमला ने बताया कि वह गरीब महिला है और उसका पीला राशन कार्ड भी बना हुआ है। वह मजदूरी करती है और लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती है। उसके पास इतना सामर्थ नहीं है कि वह अपने मकान को दोबारा से बना सके।



उसने प्रशासन से गुहार लगाई कि उसे आज तक मकान के लिए कोई सहायता नहीं मिली है। अब उसे मकान बनाने के लिए सहायता दी जाए।

## कैथलः चुनाव आयोग की वैबसाइट पर अभद्र गालियां देने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चुनाव आयोग की कैथल वेबसाइट पर आप की ओर से किए आवेदन के बाद अनुमति देने की बजाय गलत भाषा प्रयोग करने के मामले में साइबर थाना की पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब साइबर पुलिस ने एआरओ की आईडी का दुरुपयोग करने पर राधा स्वामी कॉलोनी निवासी आशीष व टयौंठा निवासी विशाल को गिरफ्तार किया है। वहीं, शनिवार देर रात को राधा स्वामी कॉलोनी कैथल निवासी जूनियर प्रोग्रामर शिवांग व प्रवीन को काबू किया था। यह है पूरा मामलाः डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम कम एआरओ ब्रह्म प्रकाश कैथल ने शिकायत दी थी कि तीन अप्रैल को ऑनलाइन पोर्टल से जनसभा की अनुमति लेने बारे आवेदन मिले थे।

#### दूसरे कर्मचारियों को फंसाना चाहते थे शिवांग

डीएपी उमेद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए जूनियर प्रोग्रामर शिवांग और प्रवीन की दूसरे कर्मियों को फंसाने की मंशा दी। क्योंकि यह दोनों आरोपी मामले में सीधा कहीं भी शामिल नहीं थे। आरोपियों ने तीन अप्रैल को कैथल में आयोजित एनकोर पोर्टल की प्रशिक्षण में शिवांग भी गुहला से आकर शामिल हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान उसने धोखे से पोर्टल का पासवर्ड चोरी कर लिया था। इसके बाद घर पर बैठकर ही पासवर्ड का दुरुपयोग किया था। मामले में छह अप्रैल को हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी ने कैथल के सहायक निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम ब्रह्म प्रकाश को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

### गली में रैंप उतारने के विवाद में 2 घायल

**जींद।** गांव धमतान साहिब रास्ते में रैंप उतारने को लेकर हुए विवाद में दो लोग घायल हो गए। विवाद के दौरान हवाई फायरिंग भी की गई। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर 15 लोगों के खिलाफ हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धमतान साहिब निवासी बलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खेत में जाने वाले रास्ते पर गांव का ही जसवीर रैंप उतार रहा था। जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई। वह अपने भतीजे सुरेश के साथ गली से गुजर रहा था। उसी दौरान जसवीर परिवार के लोगों ने बाहर से बदमाश बुला कर उन पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। हमले के दौरान आरोपितों ने तीन-चार हवाई फायर भी किए। गढ़ी थाना पुलिस ने बलबीर की शिकायत पर जसवीर, नरवाना निवासी राजवीर, विक्रम, अमित, नवीन, अलेवा निवासी राजू, नवीन, अक्षय, मोहित, मोहन, अमित, नवीन, सातरोड निवासी अंकित, ढाकल निवासी गुरमीत के खिलाफ मारपीट करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## हाथापाई के दौरान धक्का लगने से गिरे व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

- मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाउसिंग बोर्ड में घर में घुस कर हाथापाई के दौरान धक्का लग कर गिरे मकान मालिक की हृदयगति रूकने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हाउसिंह बोर्ड कालोनी निवासी रविंद्र (48) को संदिग्ध हालात के चलते गंभीर हालात मे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हृदय गति रूकने से हो गई। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी अनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस अर्बन एस्टेट निवासी अमित व एक अन्य व्यक्ति उनके घर पर आए। अमित ने कहा कि उसका बेटा जतिन उसकी बेटी से चैटिंग करता है। अमित तथा उसके साथ आए व्यक्तियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उन्होंने अपने बेटे को बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके पति रविंद्र को धक्का मार दिया। जिससे उसका पति नीचे गिर गया और हालात बिगड़ गए। जिस पर उसके पति को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर हृदय गति रूकने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अनीता की शिकायत पर अमित को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के बिसरे को जांच के लिए लैबोरेट्री भेज दिया है।

## गांव जैजैवंती के पहलवान पुष्पेंद्र ने जीता हिंद केसरी का खिताब

### महाराष्ट्र के सिकंदर शेख को पांच मिनट में किया चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव के पहलवान पुष्पेंद्र मलिक ने हिमाचल के बलद्वारा में आयोजित कुश्ती दंगल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिंद केसरी का खिताब जीत कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर विजेता पहलवान का जोरदार स्वागत किया जाएगा। पुष्पेंद्र मलिक के पिता रिसालदार कुलदीप मलिक ने बताया कि उनके परिवार का सपना था कि उनका बेटा ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। पुष्पेंद्र इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। पुष्पेंद्र ने इससे पहले नौ बार नेशनल में मेडल जीत चुका है। इसके अलावा जूनियर एशियन और भारत केसरी का खिताब भी अपने नाम कर चुका है। 7 अप्रैल को हिमाचल के बलद्वारा में आयोजित दंगल में पुष्पेंद्र मलिक ने महाराष्ट्र के पहलवान सिकंदर शेख को पांच मिनट में चित कर हिंद केसरी खिताब अपने नाम किया। गांव पहुंचने पर विजेता का स्वागत किया जाएगा। पुष्पेंद्र मलिक ने कुश्ती की शुरूआत छोटूराम स्कूल गतौली से की। उसके बाद प्रताप स्कूल में साई कोच और द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया और फिलहाल राईपुर अखाड़ा में कुलदीप सहरावत कोच के निर्देश में प्रशिक्षण जारी रखे है।



**जींद।** हिमाचल में हिंद केसरी का खिताब जीतते जैजैवंती के पहलवान पुष्पेंद्र मलिक।

## ढाकल हैड पर सिरसा ब्रांच नहर से 2 अज्ञात शव बरामद

### दोनों शवों की शिनाख्त नहीं

- पीछे से बह कर आए दोनों, एक किन्नर तो दूसरा पुरूष का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ढाकल हैड सिरसा ब्रांच नहर से सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक किन्नर समेत दो लोगों के शव बरामद किए हैं। दोनों के शव पीछे से बह कर हैड में पहुंचे हैं। शवों की शिनाख्त न होने के कारण उन्हें नरवाना के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल सिरसा ब्रांच नहर में सोमवार को दो शव अटक गए। जो पीछे से बह कर आए थे। लंबे समय तक शवों के पानी रहने के कारण वे गल तथा सडे. हुए हैं। मृतकों के पास ऐसा कुछ नही मिला जिससे उनकी शिनाख्त हो सके। मृतकों में एक किन्नर है। जबकि दूसरा शव पुरूष का है। दोनों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। शवों की शिनाख्त न होने के कारण उन्हें नरवाना के नागरिक अस्पताल मे रखवाया गया है। दोनों की मौत कैसे हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम के बाद हो पाएगा। दोनों शवों के बारे में नहर के साथ लगने वाले थानों को दे दी गई है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामलो की जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप

### मतदान को लेकर भजन मंडली ने जागरूक किया

**जींद।** लोक संपर्क विभाग के उपनिदेशक एवं जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी अमित पंवार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में लगातार स्वीप (संगठित मतदाता शिक्षा एवं चुनाव भागीदारी) गतिविधियां चला रहा है।

### कार्यालयों में आयोजित किए जाएं मतदान शपथ कार्यक्रम

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधिनस्थ कर्मियों से स्वयं का वोट डालने व आसपास क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए कार्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और इन कार्यक्त्रमों की फोटो लेकर इएलटीडेसजेएनडीएटदायाहूडॉटकॉम वैब्साइट पर अपलोड करें।

### होलसेल शू एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**जींद।** होलसेल शू एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन के नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बलराज गर्ग को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। मौके पर ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें विजय कुमार सिंगला को उपप्रधान, सुनील को सचिव, पवन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, यश मित्तल को सह सचिव नियुक्त किया गया।

### एसडी स्कूल में 13 को बैसाखी रंगोत्सव: सैनी

**जींद।** बैसाखी के अवसर पर 13 अप्रैल शाम को एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बैसाखी रंगोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे जाने-माने हरियाणवी कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। नटराज कला संगम की अध्यक्षा अमृता सैनी ने बताया कि कार्यक्रम मे विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा तथा हरियाणा सरकार मे कान्फेड के चेयरमैन कर्मबीर सैनी मुख्यअतिथि होंगे।

### मलेरिया-डेंगू बीमारी को लेकर जागरूक किया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत आने वाले ईंटल खुर्द गांव में सुनीता कुमारी, एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने घर-घर जाकर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में लोगों को बताया गया। टंकी, कूलर, होदी में लारवा चेक किया गया। मलेरिया व डेंगू से बचाव की जानकारी दी।

### पात्र 26 तक वोट बनवाने के लिए करें आवेदन

**जींद।** जुलाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने नागरिकों से अपील की है कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज करवाएं। मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने की प्रक्रिया 26 अप्रैल तक चालू रहेगी। पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक नाम सूची में दर्ज करवाने के लिए फार्म 6 भरकर संबंधित बीएलओ या जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन कर सकता है।

### सट्टा खाईवाली करता एक काबू, 6340 रुपये बरामद

**सफीदों।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने नगर के वार्ड नंबर तीन से एक आरोपित को सट्टा खाईवाली करते हुए काबू किया है। काबू किए गए आरोपित की पहचान सचिन कुमार निवासी वार्ड नंबर तीन सफीदों शहर के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ सफीदों की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए पुरानी चुंगी सफीदों पर मौजूद थी।

### नवरात्र में होता है जौ का महत्व : भारतेंदू शांडिलय

**उचाना।** चैत्र नवरात्रों की शुरुआत हो रही है, जिसमें, भक्त पूरी श्रद्धा के साथ मां भगवती की पूजा-अर्चना करते हैं। चाहे चैत्र नवरात्रि हो, चाहे शारदीय नवरात्रि हो या फिर गुप्त नवरात्रि, हिंदू धर्म में नवरात्रि पर 'वारे या जौ का बहुत अधिक महत्व माना गया है। नवरात्रि के पहले दिन ही घट स्थापना के साथ जौ बोए जाते हैं।



जींद। पिंडदान करवाते श्रद्धालु और पिंडार तीर्थ सरोवर में किश्ती से नजर रखते तथा पिंडारा तीर्थ पर लगे मेले में खरीददारी करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर की मोक्ष की कामना

# साल की पहली सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

- मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीदारी
- शहर में दोपहर तक रही जाम की स्थिति, अव्यवस्था का रहा आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को साल की पहली सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर रविवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रविवार की पूरा रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। सोमवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। गोहाना रोड पर पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रही और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसकर्मियों को अच्छी खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

**पुलिसबल रहा तैनात, सरोवर में उतारी गई किश्ती :** पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिसबल तैनात किया गया था। सरोवर में नहाते हुए कोई अनहोनी घटना न हो, इसके लिए गोताखोर व किश्ती का विशेष प्रबंध किया गया था। पुलिसकर्मियों ने मेले में उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित करने का काम किया।

### क्या है महत्व

पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं।

### पूरे दिन रही शहर में जाम जैसी स्थिति

सोमवती अमवस्या को देखते हुए शहर में पूरा दिन जाम जैसी स्थिति रही। पूरा दिन श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। सबसे 'याद्य समस्या मुख्य मागारें पर हुई। जहां जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिसकर्मी पूरा दिन जाम में फंसे वाहनों को हटाने में लगे रहे। गोहाना रोड पर जाम होने के कारण श्रद्धालु पैदल ही बस अड्डे की तरफ पहुंच रहे थे।

### पितृ दोष से मुक्ति के लिए किया पूजा पाठ : शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सोमवती अमावस्या का विस्तार से बताया कि यह श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी रही। इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जिसके चलते इस दिन पूजा-पाठ व पितृ तर्पण का विशेष महत्व बढ़ गया है। अब दूसरी सोमवती अमावस्या का योग 17 जुलाई को पड़ रहा है।

# छात्राओं को एड्स बीमारी के बारे में फिल्म के माध्यम से किया जागरूक





जींद। छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करते हुए डा. मंजू।

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** हिंदू कन्या कॉलेज के रेड रिबन क्लब द्वारा सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को एचआईवी एड्स जैसी लाइलाज बीमारी के बारे में फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया। इस गतिविधि के तहत टीच एड्स नामक फिल्म के माध्यम से छात्राओं को एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के बारे में बताना था। इस गतिविधि का संचालन कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम ने किया जबकि अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब सदस्य आरती सैनी ने की। आरती सैनी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल सात अप्रैल को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाया जाता है। इस दिन का उपयोग एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इस गतिविधि में लगभग 50 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से व्याख्यान किया

हिंदू कन्या महाविद्यालय व गंगापुत्रा आयुर्वेदिक अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में यूथ रेडक्रॉस सेल और हेल्थ वेलनेस केंद्र के द्वारा एक दिवसीय मेडिकल हैल्थ कम ओपीडी से संबंधी मानसिक व स्त्री रोग कैंप का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। डा. मंजू के द्वारा छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया और कहा कि वर्तमान जीवनशैली खाने-पीने का गलत तरीका व नकारात्मक सोच के कारण ही हमें मानसिक चिंता, तनाव, अवसाद जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। सभी ने मानसिक समस्याओं को सांझा करते हुए उनसे दवाइयों के साथ-साथ अपनी बीमारियों से संबंधित उपचार के तरीके भी प्राप्त किए।

# जाइट कॉलेज के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जाइट कॉलेज के छात्रों ने उत्पादन प्रबंधन और गुणवत्ता जांच प्रक्रियाओं के अपने व्यावहारिक ज्ञान और समझ को बढ़ाने के लिए कंडेला में लक्ष्य मिल्क प्लांट का दौरा किया। अपने शिक्षण संकाय के साथ छात्रों को दूध प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र की जटिलताओं को समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया गया। यात्रा के दौरान छात्रों को लक्ष्य मिल्क प्लांट सुविधा का व्यापक दौरा कराया गया। जहां उन्होंने खरीद से लेकर पैकेजिंग तक दूध उत्पादन में शामिल विभिन्न चरणों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्हें उद्योग के विशेषज्ञों और पेशेवरों के साथ बातचीत करने का सौभाग्य मिला। जिन्होंने संयंत्र में अपनाई गई परिचालन पद्धतियों में अमूल्य अंतर्दृष्टि सांझा की। शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य सैद्धांतिक कक्षा में सीखने और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पाटना है। जिससे छात्रों को डेयरी उद्योग में उत्पादन प्रबंधन और गुणवत्ता आश्वासन के सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। लक्ष्य मिल्क प्लांट में लागू किए गए कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को देखकर, छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उच्च मानकों को बनाए रखने के महत्व की गहरी समझ प्राप्त हुई।

### अभिभावक-शिक्षक बैठक से विद्यार्थियों को मिलती है आगे बढ़ने में मदद

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की तरफ से सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डा. जमेर सिंह ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है।

# भाजपाइयों के दमन का अंत निकट : भारद्वाज

- कमीशन के बड़े खेल के कारण टूट रही जींद की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते रघुवीर भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जनता-जनार्दन के आगे बड़े बड़े अंहकारियों, अत्याचारियों, दमनकारियों को झुकना पड़ा है। इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब शासनकारियों ने अपनी शक्ति का दुरूप्रयोग किया है, तब-तब जनता-जनार्दन ने खुद आगे आकर मोर्चा संभालते हुए उनका पतन किया है। ऐसे ही हालात आज देश व प्रदेश में बन चुके है। प्रदेश में भाजपा के प्रत्याशी और मुख्यमंत्री जहां-जहां जा रहे हैं, वहां-वहां जनता 10 सालों का हिसाब मांगते विरोध कर रही है। रघुबीर भारद्वाज सोमवार को घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस के मार्फत लोगों के बीच जाकर कहें। कहा कि पिछले दिनों जींद की नई अनाज मंडी में भाजपा ने जो रैली की थी, उसमें खाली पड़ी कुर्सियां इस बात के संकेत है कि क्षेत्र की जनता अब भाजपाईयों से ऊब चुकी है। यहीं कारण है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय भाजपाई दो हजार कुर्सियां भी नहीं भर पाये। ये तो महज ट्रेलर है। जिस दिन चुनावी परिणाम सामने आएगें, तब पूरी फिल्म जो सामने आएगी उससे भाजपा के नीचे से जमीन खिसक जाएगी। भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंटने की सोच के चलते हर किसी को डराया हुआ है।

### हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के सचिव और सहसचिव का सम्मान

**जींद।** हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड की बैठक रोहतक में हुई। राज्य सचिव नवीन जयहिंद ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें स्काउट वाले बच्चों को अच्छी ट्रेनिंग देने, नर सेवा नारायण सेवा मुहिम को चलाने वाले जिला सचिव सूबेदार वेदपाल और सहसचिव सत्यवान को गुरुग्राम में डीसी सुशील कुमार ने सम्मानित किया। राज्य कमिश्नर शिवप्रसाद शर्मा व राज्य सचिव नवीन जयहिंद ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते कहा कि सभी जिलों में सचिव व उनकी कार्यकारिणी बहुत अच्छे तरीके से कार्य कर रही है। इसके बलबूते पर आज हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का नाम बुलंदियों पर है। इनके द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग कैंप में संस्कार व अनुशासन बहुत अच्छे तरीके से सिखाया जाता है।

# बास्केटबॉल प्रेरणादायक खेल : ढुल

- मोतीलाल स्कूल में सिंथेटिक बास्केटबाल और लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। अमित ढुल को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल में सोमवार को सिंथेटिक बास्केटबाल और लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापिका डा. सीमा ने किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणवी लोकगीत कलाकार अमित ढुल ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार, प्रशासक वीपी शर्मा, समन्वयक सुरेंद्र कुमार, रंगकर्मी रमेश भनवाला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बास्केटबाल कोच कपिल की देखरेख में खेल प्रतियोगिता हुई। अमित ढुल ने कहा कि बास्केटबाल एक प्रेरणादायक खेल है, जो स्वास्थ्य सामूहिकता और एकता को बढ़ावा देता है। इस खेल में समन्वय, ताकत और गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है बल्कि मानसिक रूप से भी सकारात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। अमित ढुल ने श्रीराम का नारा देते हुए राम भक्ति गीत प्रस्तुत किए और साथ ही साथ हरियाणवी लोकगीतों के साथ बच्चों का मनोरंजन किया। संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि बास्केटबाल खेलने से शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी लाभ होता है।

### केएम राजकीय कॉलेज की टीम ने एनुअल फैस्ट में लिया हिस्सा

**नरवाना।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में राज्य स्तरीय एनुअल फैश्ट मंथन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ बीडी गुप्ता व संयोजक डॉ विशाल आनंद थे। एनुअल फेस्ट में केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की टीमों ने कॉमर्स विभाग अध्यक्ष उषा शर्मा के निर्देशन में भाग लिया। इसमें एड मैड विज्ञापन निर्माण में मनदीप, सुनील, जयदेव की टीम ने द्वितीय स्थान, दीपक, रोहित तथा महक की टीम ने क्विज में द्वितीय स्थान, पोस्टर प्रेजेंटेशन में इशिका बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय तथा रंगोली में आसू बीए प्रथम वर्ष ने शांतवना पुरस्कार प्राप्त किया। आरकेएसडी कॉलेज प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों व उनकी संयोजक उषा शर्मा का महाविद्यालय में स्वागत किया व इस कार्यक्रम में विभिन्न पोजीशन प्राप्त करने पर बधाई दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधि संयोजक जगबीर तथा कनिका मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय एनुअल फैस्ट में हिस्सा लेने वाली टीम को सम्मानित करते हुए।

# बीरेंद्र सिंह ने हमेशा किसानों की लड़ाई लडी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शिव नारायण शर्मा ने कहा कि नौ अप्रैल को कांग्रेस के दिल्ली कार्यालय में हजारों की संख्या में साथी शामिल होंगे। सभी साथियों का बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है। इसलिए बहुत ज्यादा संख्या में बीरेंद्र सिंह के साथ सभी साथी खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह ने हमेशा ही किसानों व कमेरा वर्ग की लडाई लडी है।

बीरेंद्र सिंह हिंदुस्तान के ईमानदार नेताओं में से एक हैं। उनके दामन पर किसी भी प्रकार कोई दाग नही है। उन्होने कभी भी जात-पात की राजनीति नही की है। वह 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। उन्होंने हमेशा ही विकास की राजनीति की है। हमारे इस मध्य उत्तरी हरियाणा का विकास भी बीरेंद्र सिंह ही कर सकते हैं। इसलिए मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के बहुत से नेता और मातृशक्ति और बहनें मंगलवार को बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने पर उनका स्वागत करेंगी और पूरे हरियाणा में बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में ज्वायन करने से प्रदेश में खुशी की लहर दिखाई दी। इस अवसर पर रिशिराम शर्मा, अर्जुन सैनी, फतेह सिंह सैनी, सतीश जिंदल, जयप्रकाश शर्मा, रामचंद्र शर्मा, कुलदीप पानू, राममेहर रेढू दालमवाला, विजय सिंह, महेंद्र सिंह, बलजीत ईंटल व वृंदा शर्मा आदि शामिल थे।





जींद। धुम्रपान के दुष्प्रभाव को लेकर वीडियो देखते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

**जींद।** सफीदों के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में धूम्रपान निषेध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. जसबीर पूनिया ने कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सफीदों नागरिक अस्पताल से ब्लॉक काउंसलर कुशलवीर ने छात्र व छात्राओं को धूम्रपान से शरीर में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। धूम्रपान कैसे जानलेवा भी साबित हो सकता है, यह वीडियो के माध्यम से दिखाया। प्राचार्य डा. तनाशा हुड्डा ने विद्यार्थियों को धूम्रपान से दूर रहने की शिक्षा दी। इस मौके पर उपप्राचार्य डा. प्रदीप शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डा. सरला सहरावत, डा. अशोक संधू, भावना भी उपस्थित रहे।

## नागरिक अस्पताल में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित

# शत प्रतिशत वोट डालने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। मतदान को लेकर शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिले में चल रही स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सोमवार को नागरिक अस्पताल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल ने की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की आशा वर्करों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए शहर के मुख्य चौक चौराहों से गुजरते हुए रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली को डा. गोपाल गोयल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर डीडीपीआर अमित पंवार तथा अस्पताल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। डा. गोपाल गोयल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार लोकसभा के आम चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप अभियान के तहत जिला में निरंतर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में बढ़चढ़कर भाग अवश्य लें और अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे अपनी वोट की कीमत को पहचाने और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें। मतदाताओं से अपील करते कहा कि वे अपने साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

### हर मतदाता करे मतदान, सुण ले काकी सुण ले ताई

इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे युवक युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है और अभी तक वोट नहीं बना है, वे हर हाल में 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा लें। इसके लिए हमारे बीएलओ आपका पूरा सहयोग करेंगे और जिनका वोट बना हुआ है 25 मई को उनका वोट डलवाते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज भी स्वास्थ्य विभाग की आशा वर्करों द्वारा जन चेतना रैली निकाल कर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता रैली में आशा वर्करों द्वारा पट्टिकाओं पर स्लोगन लिख कर लोगों को जागरूक किया गया जिसमें लोकतंत्र का पर्व जिस पर हर वोटर को गर्व, सबको सुनें, फिर मन से चुनें, लोकतंत्र का सच्चा मान, हर मतदाता करे मतदान, सुण ले काकी सुण ले ताई, बोट घणी अणमोल बताई जैसी स्लोगन लिखी पट्टिकाएं शामिल थी।



जींद। वेद का ज्ञान देते वेदपाठी। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षित समुदाय समाज सुधार में योगदान करें : राधाकृष्णा

**जींद।** आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने आह्वान किया कि शिक्षित समुदाय समाज में अच्छाइयों का प्रचार करने के लिए योगदान करें। साथ ही पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ जागरुकता फैलाने की आवश्यकता है। जोधपुर से पहुंचे आचार्य वरुण देव ने कहा कि बाजार में असली चीज के नाम से नकली चीज भी बिकती है। इसलिए धर्म के नाम पर अनेक मत मतांतर बढ़ते जाते हैं। मनुष्य स्वाध्याय न करने के कारण धर्म से दूर होता जा रहा है। धर्म को केवल मानने से काम नहीं चलता बल्कि धर्म को अपने आचरण और व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। पानीपत से पहुंचे पंडित रामनिवास आर्य ने अपने संगीतमय प्रवचनों में महर्षि दयानंद की 200 में जयंती पर उनके कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने पाखंड और अंधविश्वास के कुचक्र से सावधान रहने को कहा। इस मौके पर मास्टर पृथ्वी सिंह मोर को रा'य प्रतिनिधि सभा का सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में स्वामी योगेश्वर मुनि, मुख्यातिथि सूरजमल आर्य व विद्यावती, सुशील आर्य, संजय आर्य, सूर्य देव योगाचार्य, कपूर सिंह, कर्णदेव योगाचार्य, विजयपाल आर्य, शीला देवी, अश्विनी कुमार, मास्टर राजवीर, जयदेव मित्तल, सुमन मान, विनीता आर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहदेव शास्त्री ने किया।

## खबर संक्षेप

### राजौंद में मच्छरों का प्रकोप जारी

**राजौंद।** क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों के प्रकोप से हर व्यक्ति परेशान है। आलम यह है कि शाम के समय जब वाहन चालक सड़क पर निकलते है तो वाहन चालक की आंखए नाक व मुंह में मच्छर घुस जाते है। जिससे बचने के प्रयास में कई बार वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है। शाम ढलने के बाद यह मच्छर लोगों को ओर भी परेशान कर देते है।

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कैंप लगा

**कैथल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला कैथल की टीम के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह धनिया व रूलदू राम के सहयोग से कैथल के जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया । राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के सुभाष वर्मा जनरल सेक्रेटरी व हवा सिंह उप प्रधान राम बहादुर पैटर्न मौजूद रहे।

### गांव साकरा हजारों की तार चोरी, केस

**कैथल।** जिले के गांव साकरा से चोर आधा दर्जन किसानों के खेतों में लगी बिजली की तार चुरा कर ले गए। इस संबंध में साकरा के मनीष ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर उसकी तथा अंतराम, अनिल, मनीष, राजेश, रामचंद,र रामपाल, सतीश और सुभाष की खेतों में लगी करीब 700 मीटर बिजली के तार चुरा कर ले गए।

### समाज हित में सदैव तत्पर रहना चाहिए

**कैथल।** हरियाणा सरकार की नीतियों के अनुरुप महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज जी का मानना है कि विश्वविद्यालय को समाज हित में सदैव तत्पर रहना चाहिए एवं विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए । उनकी इस दृष्टि को मूर्त रूप देने के लिए योग-विभाग हर वर्ष के गाँवों में जून माह में योग शिविरों का आयोजन करता रहा है।

### मेरा पहला वोट देश के लिए का सफल समापन

**राजौंद।** राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वोटर कमेटी के सौजन्य से चार दिवसीय अभियान मेरा पहला वोट देश के लिए का सफल समापन हुआ। जिसके अन्तर्गत पहले दिन शपथ समारोह दूसरे दिन रैली, तीसरे दिन निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर बनाना की प्रतियोगिता की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने मेरा वोट देश के लिए निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### पवनार पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति शिविर लगा

**कैथल।** अखिल भारतीय मानव सेवा समिति ने पवनार पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जोगिंदर ढुल ने समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का फूल माला से स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर संजीव थरेजा एवं डॉक्टर राजकला पूनिया रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर ने शिरकत की। डॉ संजीव थरेजा ने अपने संबोधन में कहा कि वक्त आ गया है नशे को समाज से उखाड़ फेंकना होगा।

चुनाव को लेकर एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की मीटिंग

# अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए करें प्रभावशाली पेट्रोलिंग : उपासना

अवैध शराब,नशा तस्करी पर पुरी तरह से रोक लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एसपी उपासना अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

एसपी उपासना ने सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में दिशा निर्देश दिए और कहा कि सभी पुर्णतय शांति व निष्पक्षता से चुनाव करवाना सुनिश्चित करेगें। चुनाव में शांति भंग करने वाले या किसी भी प्रकार की रुकावट पैदा करने वालो के खिलाफ कडी कार्रवाई अमल में लाएगें। एसपी ने मिटिंग में मौजूद सभी प्रयवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को आदेश दिए कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में रात्रीकालीन पैट्रोलिंग को पूर्ण जागरुकता के साथ करें। अवैध शराब,नशा तस्करी पर पुरी तरह से रोक लगाए। एसपी उपासना ने निर्देश दिए कि सभी थाना प्रबंधक सुनिश्चित करें कि चुनाव के सबंध में लगाए गए नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारी संजीदगी पुर्वक कर्तव्यपालना करे तथा गुहला डिविजन में पजांब पुलिस के सहयोग से नाकाबंदी करे। एसपी ने चिन्हित सर्वेदनशील व अति सर्वेदनशील स्थानों/बुथो के बारे में निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रयवेक्षण अधिकारी व थाना प्रबंधक ऐसे स्थानों पर स्वंय जाकर हालातों का जायजा लेते रहें तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित करें।

### ये रहे मौजूद

प्रवक्ता ने बताया कि आज की इस मीटिंग में डीएसपी हैडक्वाटर उमेद सिंह, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी गुरविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

## मतदान करना हमारा हक : श्रद्धा

- आरकेएसडी कॉलेज में किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि 18 वर्ष की आयु की दहलीज पार करने वाले प्रत्येक युवा को अपना वोट बनवाना चाहिए। मतदान करना हम सभी का हक है। इसलिए हम सभी को अपना मत जरूर डालना चाहिए। मतदान करने से जहां आपका आत्मविश्वास प्रबल होगा, वहीं देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन भी होगा। मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। अगर आप वोट नहीं डालोगे तो लोकतंत्र में अपनी भागीदारी से भी चूक जाओगे।

स्वीप अभियान के तहत आरकेएसडी कॉलेज में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एडीसी सी.जया श्रद्धा ने शिरकत की और युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा। इसके लिए आप सभी के अंदर एक उत्साह होना चाहिए। आप सभी युवाओं को इस बात का गर्व होना चाहिए कि आप उन लोगों में से एक हो, जिन्हें देश का प्रतिनिधि चुनने की जिम्मेदारी मिली है। संविधान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नागरिकों को मतदान का समान अधिकार प्राप्त है।



गुहला-चीका। एसडीएम कृष्ण कुमार ग्रामीणों को जानकारी देते हुए।

## चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण त्योहार: कृष्ण

- कई चुनाव क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से की शांति और भाईचारे की अपील
- मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

भारत एक बहुत बड़ा लोकतांत्रिक देश है और चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण त्यौहार है। हमें पूरी जानकारी और समझदारी के साथ इस त्यौहार का हिस्सा बनना चाहिए। यह विचार सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार एचसीएस ने कई चुनाव क्षेत्रों का दौरा करते हुए उपस्थित लोगों को कहे। उन्होंने गांव टटियाना, सदरेहडी व सींह में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण लोगों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान हमारे जीवन की अहम जिम्मेदारी का भाग है जिसमें हम अपने लिए एक संगठित कल्याणकारी सरकार चुनते हैं। एसडीएम कृष्ण कुमार ने आम लोगों से आग्रह किया कि वे किसी प्रकार के प्रलोभन, अपवाह और भय से दूर रहें और निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान में भाग लें। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष, शांति प्रिय और जागरूक वोटर से ही मतदान का स्वतंत्र माहौल बनाया जा सकता है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल तक नई वोट बनाने का कार्य जारी रहेगा और गांव के हर योग्य व्यस्क व्यक्ति की वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन आप लोगों के सहयोग और सेवा के लिए है तथा आप चुनाव कार्य में प्रशासन को पूर्ण सहयोग दें। सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी कृष्ण कुमार व उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने मतदान केंद्रों को चेक कर सुपरवाइजर एवं बीएलओ को विशेष निर्देश दिए। इस अवसर पर सुपरवाइजर प्राध्यापक राजा सिंह झींजर, डॉ अनिल शर्मा, हरजिंदर सिंह, सरपंच किरण रानी, सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, नंबरदार बलबीर सिंह व राम सिंह, सुभाष सिंह कानूनगो आदि मौजूद रहे।

### अंग्रेजी साहित्य पर पीपीटी प्रतिस्पर्धा में सोनू प्रथम व भारती दूसरे स्थान पर रही



**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की साहित्यिक समिति रूबरू द्वारा आयोजित साहित्य समारोह 2024 के अंतर्गत 3 अप्रैल को अंग्रेजी साहित्य पर आधारित पीपीटी प्रतिस्पर्धा का सफल आयोजन किया गया द्य यह स्पर्धा एमए अंग्रेजी की छात्राओं के लिए आयोजित की गई द्य इसमें विभिन्न लेखक जोन इन, रॉबर्ट ब्राउनिंग, अर्नेस्ट हैकिंग, फ्रांसिस बेकन आदि की रचनाओं पर आधारित पीपीटी प्रस्तुत की गई द्य अलीशा व अनुराधा ने अंग्रेजी साहित्य पर पीपीटी प्रतिस्पर्धा में प्रथम सोनू और भारती दूसरे स्थान पर रही। विनेश वालिया वरिष्ठ सहायक प्रवक्ता कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग व अनीता द्वारा निर्णय मंडल की भूमिका निभाई गई। पीपीटी प्रतियोगिता में 16 छात्राओं ने लिया। इस अवसर पर कॉलेज का सभी स्टॉफ उपस्थित था।

## राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के भर्ती विधान की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



- पेपर लीक या भर्ती अनियमितता पर सीधे एचएसएससी-एचपीएससी अध्यक्ष व सदस्यों पर होगी कार्रवाई : प्रदीप चौधरी

ढांड। पूर्व सीएम हुड्डा की धर्मपत्नी आशा हुड्डा व सिद्धार्थ हुड्डा के साथ कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान की जमकर सराहना करते कहा कि युवा भागीदारी न्याय के तहत हरियाणा के अलग-अलग विभागों में खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद है। इसके लिए पार्टी द्वारा बाकायदा भर्ती विधान जारी किया जाएगा। हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नी आशा हुड्डा एवं भतीजे सिद्धार्थ हुड्डा से औपचारिक्ता भेंटवार्ता करने के बाद आज कस्बे में पत्रकारों से बातचीत करते प्रदीप चौधरी ने कहा कि भर्ती विधान के अनुसार सबसे पहले युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी देने के लिए मौजूदा सरकार में जड़ जमाए बैठे पेपर लीक और नौकरियों को बेचने वाले माफिया का सफाया किया जाएगा। कांग्रेस सरकार बनने पर भर्ती संबंधी सभी एजैंसियों व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित होंगी, ताकि भर्तियों में किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना ना रहे। अगर किसी भर्ती में कोई अनियमितता पाई गई तो इसके लिए सिर्फ बाहरी एजेंसियों को नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एचएसएस.पी., एचपीएससी में बैठे अधिकारियों, सदस्यों और चेयरमैन को भी जिम्मेदार माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि समयबद्ध भर्तियां करवाने के लिए हर भर्ती के लिए अलग ओएसडी की नियुक्ति होगी। हरेक भर्ती के फॉर्म के साथ उसका पूरा कैलेंडर भी जारी होगा, जिसमें पेपर व रिजल्ट तक की तारीख लिखी होगी। एचएसएसपी, एचपीएससी के साथ-साथ कैलेंडर की पालना करने की जिम्मेदारी ओएसडी की भी होगी। किसी भी भर्ती की परीक्षा या रिजल्ट एक भी दिन लेट होने पर सीधे ओएसडी की छुट्टी होगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने को लेकर भर्तियों के लिए अलग कमेटी बनेगी। भर्ती संबंधि शिकायतों के लिए कमेटी की फोन लाइन 24 घंटे सातों दिन खुली रहेंगी। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप चौधरी ने कहा कि ग्रुप-सी और डी में इंटरव्यू खत्म करने की शुरूआत कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हुई थी। गुरप-सी और डी में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान कोई इंटरव्यू नहीं होगा। ग्रुप-1-2 की भर्तियों के इंटरव्यू में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। क्योंकि आज इंटरव्यू को लेकर अभ्यार्थियों की अनगिनत शिकायतें सामने आ रही हैं।

## मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : जिंदल

- कहा : कुरूक्षेत्र लोकसभा मेरा परिवार, ओर अपने परिवार के बीच आए है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल का पुष्प देकर स्वागत करते।

हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त शब्द हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल व कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल की माता ने आज पूंडरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहे। पूंडरी में आज पुरानी अनाज मंडी में आढती सुनील मित्तल, प्रवीण मित्तल व अग्रवाल युवा सभा के प्रधान मुनीष मित्तल द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप भारत की सबसे अमिर महिला व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने शिरकत की। कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए सावित्री जिंदल ने कहा कि हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। जोकि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वार दिए गए 400 पार के नारे को पूरा करके कर सकते है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे नवीन को हमेशा से ही कुरूक्षेत्र लोकसभा से भरपूर प्यार मिला है ओर उनको विश्वास है कि अबकी बार भी जनता का प्यार उनपर यू ही बरकरार रहेंगा।



सीवन में सावित्री जिंदल का स्वागत करते शैली मुंजाल व अन्य।

### मुंजाल के निवास पर पूर्व मंत्री ने की शिरकत

**सीवन।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल को जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दो बार कुरुक्षेत्र सीट से सांसद रहते हुए जनता की सेवा की है। अब भी जहां भी जाते हैं जनता अब भी उन्हें अपनी पलकों पर बिठाती है। उनके द्वारा करवाए गए कायार्ं के लिए उन्हें आज भी हर घर में याद किया जाता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के लिए काम किया और उसे सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया। इस बार भी जनता उन्हें सेवा का मौका देगी और एक बार फिर से वह कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भारी मतों के अन्तर से जीतेंगे। उपरोक्त विचार पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने सीवन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल के निवास पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में व्यक्त किए। इससे पूर्व अपने निवास पर पहुंचने पर शैली मुंजाल, वेद प्रकाश मुंजाल, विक्रम मुंजाल, पुष्पा मुंजाल, सुभाष मुंजाल ने स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने सावित्री जिंदल को विश्वास दिलाया की क्षेत्र की जनता उनके साथ है।



कैथल। इनेलो नेता अभय चौटाला एडवोकेट पवन ढुल के प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए।

### रत्न सिंह का योगदान याद रहेगा: चौटाला

**कैथल।** गत दिवस एडवोकेट पवन ढुल के ताऊ एवं इनैलो के वरिष्ठ नेता चौ. रत्न सिंह पाई पूर्व पंच के निधन पर इनैलो के वरिष्ठ नेता एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने गांव पाई पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अभय सिंह चौटाला सिंह आज पाई में पवन ढुल एडवोकेट के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। चौ. अभय सिंह चौटाला ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि इनैलो को चौ. रत्न सिंह पाई का योगदान हमेशा याद रहेगा। उन्होने कहा कि आज इनैलो है तो सच्चे निष्ठावान कार्यकत्र्ताओं की बदौलत है और समय आने पर प्रत्येक कार्यकत्र्ता को उचित मान-सम्मान दिया जाऐगा। इनैलो में ही कार्यकत्र्ताओं के हित पूरी तरह से सुरक्षित है और कार्यकत्र्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से इनैलो लोकसभा में जीत का परचम लहराने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का काम करेगी। इस अवसर पर इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, एडवोकेट पवन ढुल, डॉ. देवेंद्र ढुल पाई, एडवोकेट रणधीर ढुल भाना, अशोक कुमार, एडवोकेट नरेश ढुल, दिलबाग ढुल, तरसेम ढुल, प्रवीण पहलवान, दलबीर, फकिरिया ढुल, महीपाल राणा टयोंठा, बीरा ढुल, प्रदीप पहलवान, संदीप पहलवान पाई, पाला पाई, राजेश प्योदा, राजा पाई, तरसेम, समशेर, लाभ सिंह, लाल सिंह, विनोद ढुल आदि मौजूद थे।

## सुरजेवाला ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र

- रूस में फंसे कैथल, करनाल के युवाओं के परिजनों ने सुरजेवाला से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला गांव मटौर में युवकों के परिजनों से मिलते हुए।

रूस में फंसे हरियाणा व कैथल के नौजवानों के परिजन किसान भवन पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला से मिलने पहुंचे। कलायत से कांग्रेस नेत्री श्वेता ढुल के साथ आकर परिवारजनों ने रणदीप सुरजेवाला को अपनी व्यथा सुनाई। लम्बे समय से रूस में मौत के साए में बेबस युवाओं को वहां से वापस लेकर आने में मदद के लिए गुहार लगाईं। सुरजेवाला से मटौर गांव के 6 बच्चों के परिजन और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्वेता ढ़ुल ने बताया कि मटौर के 6 बच्चे, 1 फतेहाबाद और 1 करनाल के बच्चे जिनसे रूस आर्मी में जबरदस्ती काम लिया जा रहा है, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें पीटा जाता है लेकिन सरकार और उनके नुमाइंदे इसमें कोई मदद नहीं कर रहे, अब सिर्फ आपसे ही उम्मीद बाकी है। तब रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बच्चों को वहां से सुरक्षित निकालने के लिए विदेश मंत्री जी को तुरंत पत्र लिखा व उनसे मिलने के लिए समय माँगा है। सुरजेवाला ने बताया कि पिछले 15 दिनों से ये सभी लड़के यूक्रेन के डोनेट्स्क शहर में थे और रूसी सेना द्वारा उन्हें युद्ध के मोर्चे पर जबरन सेवा दी जा रही थी। वे अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

पंजाब विवि चंडीगढ़ में नार्थ जोन अंतर विवि कराटे प्रतियोगिता हुई

## रितु ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी



पूंडरी।कन्या कॉलेज में विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या डा. मधू बाला व अन्य।

चौधरी ईश्वरसिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की कराटे खिलाडियों ने अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस बारे जानकारी देते शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम लता ने बताया कि नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता 10 से 14 मार्च तक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में आयोजित हुई। जिसमें कुमारी अलिशा ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं रितु सैनी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कुमारी अलिशा रितु व दिया ने टीम कुमिते में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में इन खिलाडियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। नार्थ जोन की विजेता खिलाडियों ने अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। जिसका आयोजन 15 से 19 मार्च तक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में ही हुआ। जिसमें कुमारी अलिशा ने एक बार फिर 55 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा कुमारी रितु ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। सिमरन ने काता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही उन्होंने अंतर विश्वविद्यालय में महाविद्यालय और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। खिलाडियों की इस उपलब्धि के लिए प्राचार्या डॉ मधु बाला ने खिलाडियों को कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस अवसरपर प्रबंधक समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने भी खिलाडि?ों को मुबारकबाद दी व भविष्य में खेलों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ अमिता राणा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को सेल्फ डिफेंस की दी जानकारी

**कैथल।** महिला एसएचओ एसआई रेखा द्वारा आर्यन इंटरनेशनल स्कुल ढांड रोड़ कैथल में विद्यार्थियों को सेल्फ डिफेन्स, महिला विरुद्ध अपराधों बारे, ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे, गुड टच बैड टच, डायल 112, नशा ना करने बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। एसएचओ ने बच्चों को बताया कि ट्रैफिक नियमों की पालना ना करने कारण कई बार बड़े हादसे हो जाते है।

### शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले के काटे चालान

**कैथल।** हरियाणा में पुलिस द्वारा 1 से 7 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया गया। एसपी उपासना ने बताया कि इस अभियान तहत जिला कैथल पुलिस द्वारा शीशे पर ब्लैक फिल्म लगे 19 वाहनो के 10-10 हजार रुपये के चालान किए गए तथा मौके पर इन वाहनो की ब्लैक फिल्म उतरवाई गई। एसपी उपासना ने कहा वाहनो के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। आगे भी पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी।

### हवन यज्ञ से नव सत्र का शुभारंभ

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में नये सत्र का शुभारंभ संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ के साथ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में प्राचार्या साधना बक्शी ने भाग लिया। आचार्य रविंद्र कुमार शास्त्री के ब्रह्मास्त्र में विधिवत मंत्रोच्चारण से नव सत्र पर सभी से यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। यज्ञोपरांत सभी बच्चों को फूलों से आशीर्वाद दिया। प्राचार्या साधना बक्शी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी बच्चों तथा अध्यापकों को नव सत्र की हार्दिक बधाई दी।

### रचना गणित में पीएचडी उपाधि से विभूषित

**नरवाना।** गांव डुमरखां कला की बेटी रचना कौशिक को जालंधर की प्रतिष्ठित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने गणित विषय में पीएचडी की उपाधि से विभूषित किया। रचना कौशिक ने बताया कि गणित में पीएचडी उसका एक सपना था जो पूरा हुआ है। गणित विषय शुरू से ही उसका प्रिय विषय रहा है। उसने दसवीं व बारहवीं की डीएवी स्कूल नरवाना से की।

### दुष्यंत चौटाला आज दुडाना और बिघाना में

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं स्थानीय विधायक दुष्यंत चौटाला हलके के दो गांवों में जन संपर्क अभियान के तहत आएंगे। कार्यालय सचिव उचाना प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि दुडाना, बिघाना गांव में 9 अप्रैल को दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित जलपान के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। दुडाना गांव में 32, बिघाना गांव में 36 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### विश्व हिंदू परिषद ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** विश्व हिंदू परिषद् प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर मां के पावन नवरात्रों में मांस की दुकानों को बंद करने की मांग की है। सर्वविदित है है नौ अप्रैल से मां के पावन नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। जो कि हिंदू समाज का एक विशेष पर्व होता है। इस पूरे नौ दिन के कार्यकाल में सर्व हिंदू समाज व्रत व तपस्या करता है। जिसके कारण बाजार में बिकने वाले मांस की दुकानों से धार्मिक भावनाएं आहत होती है।

### सुनील जागालान को 35 लाख का होप अवार्ड

**जींद।** महिला अधिकार सामाजिक कार्यकर्ता सुनील जागलान को लंदन के डिबीयर्स डायमंड ने होप अवार्ड 35 लाख रुपये की राशि का पुरस्कार दिया गया है। सुनील जागलान ने बताया कि यह राशि खाते में मिल गई है और इसके लिए एक औपचारिक कार्यक्रम भी डिबीयर्स द्वारा किया जाएगा। यह अवार्ड में महिला हितैषी लोगों को समर्पित करते हैं। जागलान हरियाणा राज्य के जींद जिले के बीबीपुर गांव के सरपंच रह चुके हैं।

### जिले में निर्धारित किए गए हैं गेहूं खरीद के लिए 35 परचेज सेंटर

# अनाज मंडी में गेहूं की हुई आवक, नमी ज्यादा होने के कारण नहीं बिकी

12 प्रतिशत निर्धारित की गई नमी, 31 प्रतिशत नमी मिली जिसके कारण नहीं हो पाई खरीद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सरकारी खरीद शुरू होने के एक सप्ताह बाद सोमवार को गेहूं की आवक अनाज मंडी में शुरू हो गई है। कुछ किसान सोमवार को गेहूं लेकर अनाज मंडी में पहुंचे लेकिन नमी 'यादा होने के कारण गेहूं की खरीद नही हो सकी। सरकार ने गेहूं में नमी 12 प्रतिशत निर्धारित की हुई है। जबकि सोमवार को पहुंची गेहूं में 31 प्रतिशत तक नमी पाई गई। जिस पर खरीद एजेंसी फूड स्पलाई ने गेहूं के मापदंडों पर खरी न उतरने पर खरीदने से मना कर दिया। अधिकारियों ने किसानो को सलाह दी है कि वे गेहूं को सुखा कर लाएं ताकि फसल मंडी में पहुंचने के साथ खरीद हो सके।


जींद। मंडी में पहुंचा किसानों का पीला सोना।

#### खरीद सेंटर निर्धारित

जिलें में गेहूं खरीद के लिए 35 परचेज सेंटर बनाए गए हैं। जिनमें चार खरीद एर्जेसियों को गेहूं खरीद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई थी लेकिन गेहूं एक सप्ताह तक मंडियों में नही पहुंची। सोमवार को जो गेहूं पहुंची उसमें नमी 'यादा पाई गई। जिसके चलते गेहूं की खरीद नही हो पाई। गेहूं का सरकारी रेट 2275 निर्धारित किया हुआ है।



#### एक सप्ताह लगेगा, मापदंडों पर उतरने में गेहूं को

अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में भी तापमान कम है। जिससे गेहूं का पकाव धीरे-धीरे हो रहा है। पूरा सीजन मौसमी फसलों के अनुकूल बना रहा है। जिसके चलते अच्छी पैदावार होने की संभावना है। गेहूं का दाना सही आकर ले रहा है। तापमान कम होने के कारण फसल मे नमी ज्यादा बनी हुई है। तापमान में इजाफा होने के साथ अगले सप्ताह तक गेहूं के मापदंड पर खरा उतरने के आसर हैं। जिसके चलते गेहूं की आवक भी मंडियों में तेज होगी। मार्केट कमेटी सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि सोमवार को अनाज मंडी में गेहूं की आवक हुई है। नमी 'यादा होने के कारण खरीद नही हो सकी। गेहूं खरीद को लेकर सभी तैयारी पूरी हैं। किसान अपनी गेहूं फसल को सुखा कर लाएं ताकि मंडी में पहुंचने के साथ खरीद हो सके।

### पाई में नहीं शुरू हो पाई सरसों की खरीद



**पाई।** सोमवार को गेहूं की सरकारी खरीद के आठवें दिन भी पाई अनाज मंडी में खरीद का कार्य शुरू नही हो चुका, जबकि मंडी में गेहूं की एक ढेरी आई है। मंडी में आई इस ढेरी में नमी की मात्रा बहुत अधिक पाई गई। यहां यह भी उल्लेख करना जरुरी है कि सरकार द्वारा केवल 12 प्रतिशत नमी वाली गेहूं की खरीद कि जाती है। नमी अधिक होने के कारण मंडी में आई इस ढेरी को मंडी में ही सुखा दिया गया। उधर मार्किट कमेटी सचिव जोगिन्द्र सिंह पेसिया ने बताया कि मंडी में जैसे ही किसान अपनी गेहूं की सुखी फसल लेकर आयेगे, उसी समय खरीद का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील कि है कि वे अपनी फसल पुरी तरह से सुखाकर ही मंडी में लेकर आये ताकि उनको अपनी फसल बेचने में दिक्कत न आए।

### राजौंद: गेहूं कटाई का कार्य जोरों पर



**राजौंद।** गेहूं कटाई का कार्य शुरू हो गया है। जहां कुछ लोग तूड़ी बनाने के लिए मजदूरों से गेहूं की कटाई हाथ से करवा रहे हैं। वहीं अधिकतर किसान कम्बाइन मशीन का सहारा लेकर गेहूं कटाई को समेटने में जुट गए हैं। किसान मौसम को देखते हुए कम्बाइन से कटाई करवाकर जल्दी ही गेहूं की फसल को समेटना चाहते हैं। हालांकि कम्बाइन मशीन की कटाई से किसानों को काफी नुकसान होता है लेकिन किसान अपनी छह महीने की फसल को समेटने के लिए दिनरात एक कर रहे हैं। कम्बाइन मशीन की कटाई के बाद किसान तूड़ी बनाने के लिए रीपर का सहारा भी लेते है जिससे किसानों को दोहरा खर्चा सहन करना पड़ता है। पानी की व्यवस्था कम होने के कारण अधिकतर किसान भूमि पर केवल गेहूं की फसल ही उगाते हैं। एक वर्ष की मेहनत को किसान भी चाहता है कि जल्दी से समेट कर वह अपनी जरूरतें पूरी कर ले। हालांकि क्षेत्र में अधिकतर छोटे किसान मजदूरों से ही गेहूं की फसल को कटवा रहे हैं फिर भी गेहूं कटाई के लिए कम्बाइन मशीन का कार्य इन दिनों पूरे जोरों से चल रहा है।

### खेलों का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व : अजीत सिंह

**उचाना।** स्वामी गणेशनंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में एक दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अजीत सिंह मैनेजर पीएनबी बैंक उचाना मंडी, अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सरोज, विनोद शर्मा निर्देशक आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद महाराज धर्मार्थ न्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता धर्मबीर सिंह प्राचार्य डीएड एवं बीएड ने की। अजीत सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और खेलों का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। खेल के आधार पर हम सफलता की चरम सीमा पर पहुंच सकते हैं।

- 100 मीटर दौड़ में अंजू रही प्रथम

विनोद शर्मा ने बताया कि खेल एक अध्यापक के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि छात्र का सर्वांगीण विकास करना अध्यापक का परम कर्तव्य होता है और शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए अध्यापक को सभी क्षेत्रों का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

#### ये रहे परिणाम

100 मीटर दौड़ में अंजू, मंजू, रेखा ने क्रमश प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे और 100 मीटर दौड़ लड़कों में उ'जवल, अरुण कुमार, तनेश क्रमश प्रथम, द्वितीय , तृतीय रहे। गोला फैंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंजू, निशा, रेखा क्रमश प्रथम,द्वितीय, तृतीय रहे। संपूर्ण खेलकूद प्रतियोगिता के इंचार्ज वीरेंद्र रहे।

## खोए मोबाइल लौटाई, चेहरे खिले

- लगभग 105 फोन उनके मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि साइबर टीम द्वारा जिले में किन्ही कारणों से गुम हुए मोबाइल फोन को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पिछले चार माह में जींद पुलिस को करीब 300 शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें से 105 मोबाइल तलाश कर लिए गए हैं। जींद जिले की पुलिस ने साइबर की मदद से 105 मोबाइल अलग-अलग जिलों व रा'यों से बरामद कर उन लोगों को लौटाए गए हैं, जिनके मोबाइल फोन गुम हो गए थे। साइबर टीम द्वारा उन लोगों को राहत देने का काम किया है, जिनके मोबाइल के खो जाने की रिपोर्ट दर्ज थी। ऐसे में वह लोग भी अब दोबारा अपने उन मोबाइलों को लगभग भूल चुके थे, उन 300 लोगों में से 105 लोगों के मोबाइल पुलिस ने साइबर के माध्यम से दूसरे जिलों व रा'यों से बरामद किए हैं। जिसके बाद उन्हें फोन पर सूचना देकर साईबर सेल में बुला कर सभी को मोबाइल लौटाने का काम पुलिस ने किया है। इसके बाद मायूस हुए लोग अपने खोए हुए मोबाइल पाकर काफी खुश नजर आ रहे हैं या फिर यूं ही कह दें कि साइबर टीम ने इंचार्ज रामबीर सिंह के नेतृत्व में 105 लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है, जिनके मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लौटा दिए हैं। 105 मोबाइलों की कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई।


जींद। मोबाइल फोन मालिकों को सौंपते हुए।

### बीरेंद्र सिंह के समर्थक भाजपा पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे

**उचाना।** नौ अप्रैल को पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होने से पहले उनके समर्थक भाजपा को अलविदा कहने लगे है। भाजपा उचाना मंडलध्यक्ष राकेश श्योकंद उचाना खुर्द ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए जिलाध्यक्ष राजू मोर को भेजा। राकेश श्योकंद उचाना खुर्द ने बताया कि पूरी कार्यकारिणी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह जाएंगे वो उनके साथ जाएंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हरेंद्र सिंह ने भी अपने पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा को अलविदा कहा। पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग ने भी भाजपा को अलविदा कहा।

## सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की टीम दूसरी महिला संसद में लेगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की एक टीम चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की और से दुसरी महिला संसद में हिस्सा लेने जा रही है। कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने जानकारी देते हुए बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित दुसरी महिला संसद में हिस्सा लेने जा रही है जिसमें विशेष बात यह है कि पुरी टीम उनके सनातन धर्म महाविद्यालय की रहेगी। टीम में एमए प्रथम की छात्रा पूनम, बीकॉम द्वितीय की छात्रा खुशबू, बीसीए प्रथम की छात्रा निर्मल हिस्सा लेंगी। जिसमे टीम मैनेजर एनसीसी ट्रेनर प्रीति और टीम के डायरेक्टर पवन भारद्वाज रहेंगे। अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। इस अवसर पर हिंदी की प्राध्यापिका डॉ अनीता छाबड़ा के साथ-साथ अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह महाविद्यालय और विश्विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कि नरवाना जैसे एक छोटे से कस्बे के विभिन्न गांवों से आने वाली छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर सशक्तिकरण पर उपस्तिथि दर्ज करवाएगी।


नरवाना। दुसरी महिला संसद में हिस्सा लेने वाली टीम के साथ प्राचार्य डॉ अजंना लोहान।

### पहली विशाल पैदल यात्रा 11 अप्रैल को जाएगी बनभौरी

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी के माता भ्रामरी धाम के लिए चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में तीसरे नवरात्र में पहली विशाल पैदल ध्वजा यात्रा पुरानी मंडी स्थित महारजा अग्रसेन मंदिर के पास से रवाना होगी। पैदल ध्वजा यात्रा के आयोजक जय मां बनभौरी समिति उचाना है। 10 अप्रैल से पहले पैदल ध्वजा यात्रा में शामिल होने वालों को अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। विकास मखंड, अमित कापड़ो, राजेंद्र उदयपुर ने बताया कि भाजपा नेता एवं प्रमुख समाज सेवी देवेंद्र अत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर विशाल पैदल ध्वजा यात्रा को रवाना किया जाएगा। पहली बार उचाना से पैदल यात्रा रवाना होगी।

## गिरफ्तार किसान रिहा नहीं, तो ट्रेन रोकेंगे

- शंभु बॉर्डर के पास एक प्वायंट पर रोकी जाएगी रेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी ने कहा कि आज भी शंभु व खनौरी बॉर्डर पर लोग शांति से बैठे हैं। सरकार ने जबरदस्ती किसानों को गिरफ्तार किया है। अनीश खटकड़ तथा नवदीप जलहेड़ा समेत पांच किसान अभी भी जेलों में हैं जबकि कुछ को छोड़ दिया है। अनीश खटकड़ ने जेल में आमरण अनशन शुरू किया हुआ है। जेल प्रशासन न तो परिजनों को मिलने देता है और न ही अनीश की चिकित्सकीय जांच करवा रहा है। सात अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में किसानों ने इनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन भी किए। अब मंगलवार से रेल रोकी जाएगी। पहले शंभु बॉर्डर पर एक स्थान पर रेल रोकी जाएगी, उसके बाद धीरे.धीरे यह प्वाइंट बढ़ा दिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी सोमवार को जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन ने गिरफ्तार किए गए पांच किसानों को रिहा नहीं किया तो मंगलवार से शंभु बॉर्डर पर जहां आंदोलन चल रहा हैए वहां पर रेल रोकी जाएगी। यदि इसके बाद भी किसान रिहा नहीं किए तो रेल रोकने के प्वाइंट बढ़ा दिए जाएंगे। यह तब तक चलता रहेगा, जब तक किसान नेताओं की रिहाई नहीं हो जाती। अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि उनका आंदोलन लगातार चलता रहेगा। नई सरकार के गठन के बाद अपनी मांग दोहराएंगे। यदि नई सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते अमरजीत सिंह मोहड़ी व अन्य किसान नेता।

### नौकरी देने के नाम पर 35 हजार ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** साइबर थाना पुलिस ने नौकरी देने के नाम पर 35 हजार की ठगी का मामला दर्ज किया है। शहर के शुगर मिल कॉलोनी निवासी विकास शर्मा ने बताया कि आठ सितंबर 2023 को उसके अज्ञात नंबर से वाट्सएप संदेश आया कि वे उन्हें नौकरी देते हैं। इसमें उन्हें उनके ग्राहकों को चैनल को रेटिंग देनी है। वे रेटिंग के हिसाब से 50 रुपये देंगे। इसके बाद उन्होंने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आपको इस ग्रुप में स्क्रीन शॉट भेजना है। उसने उनके पांच से छह चैनल को रेटिंग दी। उन्होंने खाते में 300 रुपये भेज दिए। इसके बाद उन्होंने बोला यदि आप दो हजार रुपये लगाओगे तो आपको नौ हजार रुपये मिलेंगे। पांच हजार लगाओगे तो 30 हजार रुपये मिलेंगे। शुरूआत में उसने पांच हजार रुपये लगाए।

## जेजेपी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नरवाना को ज्ञापन सौंपा


नरवाना। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जेजेपी कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सोमवार को जननायक जनता पार्टी के हलका प्रधान सुरेन्द्र गोयत बेलरखा व प्रदेश प्रवक्ता बिट्टू नैन की अध्यक्षता में एसडीएम नरवाना को मुख्यमंत्री नायब सैनी व शिक्षा मंत्री सीमा तिरखा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि सभी प्राईवेट स्कूलों ने किताबें, स्कूल वर्दी व अन्य सामान के लिए एक विशेष दुकान निर्धारित कर रखी है। अभिभावकों को मजबूरन अपने बच्चों की किताबें व अन्य सामान वहीं से खरीदना पड़ता है। जहां अभिभावकों से मनमाने रेट वसूल करके लूट मचा रखी है। स्कूलों द्वारा हर वर्ष सिलेबस बदल दिया जाता है ताकि पुरानी किताबों का आदान-प्रदान नहीं किया जा सके। प्राईवेट स्कूलों में दाखिला फीस, मासिक फीस के साथ-साथ अनेक तरह के फंड लिए जा रहे हैं। जननायक जनता पार्टी ने ज्ञापन से माध्यम से सरकार से इस कालाबाजारी को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते इस बारे कोई ठोस कार्यवाही नहीं की तो जननायक जनता पार्टी प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने पर मजबूर होगी। जननायक जनता पार्टी ने पिछले कई सालों से नरवाना में पुस्तक दान महादान अभियान चला रखा है व नरवाना में पुस्तक बैंक भी खोला हुआ है जिसमें बच्चे फ्री में पुस्तक प्राप्त व दान कर सकते हैं। जयभगवान अमरगढ, बुद्धिजीवी हल्का प्रधान जगदीश गुरूसर, युवा हलका प्रधान आदि मौजूद रहे।

### राज मंगल और शनि के मंत्री होने से साल रहेगा उथल-पुथल वाला

# नवरात्रि में घोड़े पर सवार होकर आएगी मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

हिंदू धर्म में नववर्ष विक्रम संवत का स्वागत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि यानी चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पर किया जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्माजी ने सृष्टि का आरम्भ किया था इसलिए चैत्र हिंदू नववर्ष का पहला महीना बना। इस बार प्रतिपदा की शुरूआत 9 अप्रैल से हो रही है। आज शुरू होने वाले नव वर्ष विक्रम संवत 2081 को लेकर पंडित विशाल शांडिल्य से बात की गई तो उन्होंने बताया की हिंदी कैलेंडर में 12 महीने होते हैं जिसका आरंभ चैत्र माह की नवरात्रि से होता है। शांडिल्य ने बताया की हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत पर आधारित है। शास्त्रों में कुल 60 संवत्सर बताए गए हैं। 9 अप्रैल 2024 से विक्रम संवत 2081 शुरू हो जाएगा। 2081 नव संवत्सर को क्रोधी नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। ज्योतिष गणना के अनुसार हिन्दू नव वर्ष का पहला दिन जिस भी दिवस पर पड़ता है पूरा साल उस ग्रह का स्वामित्व माना जाता है।


पंडित विशाल शांडिल्य

#### विक्रम संवत 2081 रहेगा

शांडिल्य ने बताया की विक्रम संवत 2081 के राज मंगल, शनि के मंत्री होने से यह साल उथल-पुथल वाला रहेगा। भारत में अल्पवृद्धि के योग होंगे। नया रोग या कोई नई महामार के आने के योग बन रहे हैं। राहु, मंगल, सूर्य और शनि के कारण प्राकृति प्रकोप बढ़ सकता है।

#### नवरात्रि में घोड़े पर सवार होकर आऐगी मां

हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 4 नवरात्रि पड़ती हैं जिसमें से दो गुप्त नवरात्रि होती है और 2 शारदीय और चैत्र नवरात्रि होती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए शुभ माना जाता है। वहीं चैत्र और शारदीय नवरात्रि गृहस्थ लोग रखते हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आने वाली है। बता दें कि मां के वाहन का चुनाव दिन के हिसाब से किया जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि मंगलवार को शुरू हो रही है। इसलिए मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है। घोड़े में सवार होने का मतलब है कि सत्ता में परिवर्तन। इसके साथ ही साधकों के जीवन में आने वाले हर कष्टों से निजात मिलेगी।

#### नवरात्रि घटस्थापना का मुहूर्त

हिंदू नववर्ष के पहले दिन मां दुर्गा की पूजा, घर में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करना बहुत शुभ फलदायी होता है। मान्यता है इससे सालभर सुख-समृद्धि का वास होता है। जीवन में कष्टों का नाश होता है और आर्थिक-मानसिक और शारीरिक परेशानियां खत्म होती है। **घटस्थापना मुहूर्तः** 9 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 11 मिनट से 10 बजकर 23 मिनट तक **अभिजीत मुहूतः** 9 मार्च को दोपहर 12 बजकर 03 मिनट से 12 बजकर 54 मिनट तक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005